4.25 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा नया स्कूल भवन

जगह को लेकर चल रहे स्कूल निर्माण का विवाद सुलझा

खेतड़ी , (निसं) । खेतडी उपखंड केटीबाबसई के नवनिर्मित स्कूल भवन के निर्माण को लेकर ग्रामीणों के सहमत होने के बाद शनिवार को भूमि पूजन किया गया। राज्य सरकार की ओर से 4.25 करोड़ रुपए की लागत से नया स्कूल भवन बनाया जाएगा। पंडित राकेश शर्मा ने प्रधानाध्यापक राजेश कुमार की मुख्य यजमानी में पुजा अर्चना कर स्कूल भवन की नींव रखी। जानकारी के अनुसार गांव के स्कूल का भवन काफी पुराना होने पर ग्रामीणों की ओर से विधायक के सामने नया स्कूल भवन बनाने की मांग रखी थी। जिस विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर स्कूल भवन के लिए राज्य सरकार से 4.25 करोड रुपए स्वीकृत करवाएं तथा 14 जुलाई को स्कूल भवन का शिलान्यास किया गया। इस दौरान स्कूल भवन का निर्माण खेल मैदान की जगह में होने पर युवा विरोध में उतर आए थे। जिसको लेकर युवाओं ने कहा कि उन्होंने चंदा एकत्रित कर शहीद श्योराम गुर्जर खेल मैदान को बनाया था, लेकिन स्कूल भवन का निर्माण खेल मैदान में होने से सेना व खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी करने वाले युवाओं के सामने संकट पैदा होने पर स्कूल भवन का निर्माण खाली जगह में करवाने की मांग की थी। काफी दिनों तक विवाद चलने के बाद ग्रामीणों ने आपसी सहमति होने के बाद स्कूल भवन का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। राज्य सरकार की ओर से स्कूल का नामकरण पुलवामा हमले में शहीद हुए श्योराम गुर्जर के नाम किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल भवन का निर्माण होने से बच्चों की सुरक्षा में काफी फायदा मिलेगा तथा बच्चों को पढ़ाई के लिए दूसरे स्थान पर नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके परकृष्ण कुमार, सरपंच कन्हैयालाल, ऊदमी रावत, नरेश अवाना, मुकेश, राजेश अवाना, सतपाल रावत, रतिराम, राजु, विक्रम, प्रदीप, दिपक, संदीप, कालु रावत, हन्सराज, राकेश, अनुप अवाना, संजय, कुलदीप केडी, शीशराम, अनुप जाँगल, लीलाराम, विक्रम, शेरसिंह, सत्यवीर, डा:रविन्द्र, संदीप कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

खेतडी उपखंड केटीबाबसई के नवनिर्मित स्कूल भवन के निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया।

■ ग्रामीणों ने पूजन कर किया कार्य का शुभारंभ, जगह को लेकर चल रहा था विवाद

पत्रकारिता के बदलते परिदृश्य पर विचार गोष्ठी

चूरू, (कासं.)। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को सूचना केंद्र में राजस्थान श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला चूरू की ओर से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से पत्रकारिता के बदलते परिदृश्य पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सहायक निदेशक जनसंपर्क कुमार अजय ने कहा कि देश में आजादी के आंदोलन और उसके बाद तथा आपातकाल के समय भी पत्रकारिता का सुनहरा इतिहास रहा है। आजादी की लड़ाई में हमारे समस्त महानायकों ने पत्रकारिता के माध्यम से अपनी आवाज को मुखर किया । गोष्ठी के विशिष्ट अतिथि राजस्थान श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला संयोजक वरिष्ठ पत्रकार जेपी जोशी ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने में हमेशा मीडिया ने अग्रणी भूमिका निभाई है विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला सलाहकार वरिष्ठ पत्रकार देवराज लाटा ने कहा कि पत्रकारिता समाज व व्यवस्था का आईना है। श्रमजीवी पत्रकार संघ के चूरू जिलाध्यक्ष देशदीपक किरोड़ीवाल ने आभार व्यक्त करते हुए संगठन की गतिविधियों की चर्चा की।

सार-समाचार

तमन्ना खान का अभिनंदन

चूरू, (कासं.)। शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित स्कूल खेल प्रतियोगिता में तीन हजार मीटर पैदल चाल में राज्य स्तर पर सिल्वर मेडल प्राप्त करने व राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में चयन होने पर तमन्ना खान का इंसानियत एकता सेवा समिति द्वारा समिति संस्थापक करामत खान के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समिति के मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान ने बताया कि शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमें खेल के द्वारा समाज और राष्ट्र को आगे लाना होगा। इस दौरान समिति व्यवस्थापक जाफर खान, संयोजक नौशाद खान, राजस्थान राज्य हज कमेटी के हज प्रशिक्षक हाजी यूसुफ खान चौहान, राजवंशी खान महासभा के जिलाध्यक्ष सिराज खान जोईया, राजवंशी खान महासभा के कोषाध्यक्ष रमजान खान, सुलेमान मणियार, महबूब खान, मुमताज खान भलीम आदि मौजूद थे।

दीपों की रोशनी से जगमगाया मंदिर

चूरू, (कासं.)। आवासन मण्डल कॉलोनी में स्थित श्रीठाकुरजी महाराज की हवेली में देव दिवाली परम्परागत रूप से मनाई गई। यहां हवेली के शिवनंदन शर्मा ने बताया कि देव दिवाली के अवसर पर 365 बत्तियों का एक दीपक तुलसी माता को समर्पित किया गया। इसी प्रकार यहां सुभाष चौक स्थित सत्यनारायण मंदिर में देव दिवाली पर श्रद्धालुओं ने दीपदान किया। मंदिर के पुजारी कमल शर्मा ने बताया कि देव दिवाली पर दीप जलाकर देवी-देवताओं को श्रद्धालुओं की ओर से रिझाया गया। इस अवसर पर तेजपाल, महेन्द्र, गोपाल शर्मा आदि सहित श्रद्धालु मौजूद रहे। इसी प्रकार स्थानीय वार्ड 24 स्थित मंगलाराम भगत की गोगामेडी में शुक्रवार देर शाम देव दिवाली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान गोगामेड़ी परिसर दीपकों की रोशनी से जगमग नजर आया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गोगाजी महाराज की ज्योत प्रज्वलित कर किया गया।

प्रशिक्षण शिविर शुरू

चूरू, (कासं.)। राजस्थान राज्य संस्कृत शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान महापुरा जयपुर के आदेशानुसार स्थानीय श्री राजकीय पूर्णानंद वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में शनिवार को तीन दिवसीय ग़ैर आवासीय योग आधारित प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ समारोहपूर्वक हुआ। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुवे । कार्यक्रम में मुख्यातिथि आचार्य जनार्दन वेदांत शिरोमणी, विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार शर्मा, भागीरथ मील, विनोद कुमार शर्मा, महेश शर्मा, महेश कुमार महर्षि, जगदीश प्रसाद सैनी, राम कुमार, दक्ष प्रशिक्षक जगदीश प्रसाद सैनी, राजबाला मंचस्थ अतिथि थे। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों का माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि आचार्य शिरोमणी ने कहा कि शरीर का मन से मन का आत्मा से और आत्मा का परमात्मा से जुड़ना ही योग है। प्रधानाचार्य चंद्रमोहन दायमा ने शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आगंतुकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम संचालन सुरेश कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर सभी संभागी उपस्थित रहे।

सैन्य बलों में कार्यरत कार्मिक मतपत्र पहुंचाएं

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनू विधानसभा उपचुनाव में मतगणना से पहले सैन्य बलों में कार्यरत ऐसे कार्मिक जिन्होंने अपने ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम) मतपत्र निर्वाचन अधिकारी को अब तक नहीं भेजें हैं, वे अपने मतपत्र अविलंब पहुंचाएं। यह अपील जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने की है। उन्होंने बताया कि मतगणना दिवस 23 नवंबर को सुबह 8 बजे तक झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी को प्राप्त होने पर ही वे मतपत्र मतगणना में शामिल हो सकेंगे। गौरतलब है कि जिले में कुल 3310 ऐसे मतदाता हैं, जो सैन्य बलों में कार्यरत हैं। इनमें से 3016 कार्मिकों ने ईटीपीबीएस मतपत्र डाऊनलोड किए हैं। अब तक 327 कार्मिकों के ईटीपीबीएस मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं।

मंदिरों में किया दीप दान

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी , । श्री तिरुपति बालाजी मंदिर प्रभात फेरी मंडल की महिलाओं द्वारा नगर के सात मंदिरों में कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली मनाई गई। यह जानकारी देते हुए नितेश गौतम ने बताया कि विगत दो वर्षों से श्री तिरुपति बालाजी मंदिर प्रभात फेरी मंडल द्वारा यह उत्सव मनाया जाता है। मातृशक्ति द्वारा मंदिरों में दीपक प्रज्वलित कर ,भजन गाकर व दान पुण्य कर ठाकुर जी का आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि नगर के सात मंदिरों में महिलाओं द्वारा दीप-दान किया गया। दीप-दान उत्सव श्री तिरुपति बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर, श्री सत्यनारायण भगवान मंदिर, श्री सीताराम जी मंदिर(खाटू की कुई), श्री नृसिंह भगवान मंदिर, श्री रघुनाथ जी बडा मंदिर, श्री विजय रघुनाथ बिदावत जी मंदिर व श्री सिद्धिविनायक मंदिर पर किया गया।देव दीपावली पर्व मनाए जाने पर श्री रघुनाथ जी के बडे मंदिर के महंत पूज्यनीय अशोक दास महाराज ने भक्तजनों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर श्रीमती लक्ष्मी गौतम, रेखा शर्मा, सुनिता सैनी,सावित्री माटोलिया, अनिता शर्मा,मनोहर सैन, विद्या शर्मा,उषा चेजारा, सुनिता शर्मा,गीता सैनी, तुलसी सैनी, चन्द्रावल बिजारणियां, नमिता जाडीवाल, मुन्नी सैनी,सरोज सैनी, अनिता माटोलिया, अनिता सैनी,राधा सैनी, ध्रुव गौतम,मनु गौतम व नितेश गौतम उपस्थित रहे।

स्लीपर बस और मिनी बस की भिड़ंत, छह घायल

रतनगढ़ (निसं)। राजलदेसर सडक मार्ग पर अंडरब्रिज के पास बीकानेर से जयपुर जा रही स्लीपर कोच अनियंत्रित होकर शनिवार की शाम डीवाईडर से टकरा गई तथा रोंग साईड आकर रतनगढ से मोमासर जा रही मिनी बस के पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मिनी बस में सवार छह लोग घायल हो गए।

घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई तथा मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घायलों को कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका ने एम्बुलेंस के माध्यम से रतनगढ जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद एक व्यक्ति को रैफर किया गया। सूचना पर रतनगढ पुलिस मौके पर तथा जिला अस्पताल पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार बीकानेर से रवाना होकर जयपुर की ओर जा रही स्लीपर बस अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डीवाईडर से टकराकर गलत साईड आ गई तथा रतनगढ से मोमासर जाने वाली मिनी बस को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में 14 वर्षीय सुमित जाट, 15 वर्षीय सुनिल जाट, 13 वर्षीय सुशील जाट निवासी बंडवा, 18 वर्षीय साहिल, 35 वर्षीय गोविंद भाटी, 60 वर्षीय गिरधारी प्रजापत निवासी राजलदेसर घायल हो गए। घायलों को निजी साधन एवं एम्बुलैंस के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर घायलों का उपचार शुरू किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सुमित को गंभीर चोट लगने के कारण बीकानेर रैफर किया गया है। मिनी बस में सवारं घायल गोविंद ने बताया कि स्लीपर बस की गति काफी तेज थी तथा अनियंत्रित होकर उक्त बस गलत साईड में आकर टकरा गई। मिनी बस के यात्री अन्य साधनों से गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

चेलेंजर्स ट्रॉफी में लिए चयन

सीकर । एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर के कक्षा 11 कला के छात्र चेतन गोरा का चयन राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित राजस्थान अंडर 16 चेलेंजर्स ट्रॉफी के लिए हुआ है। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि संस्थान के कक्षा 11कला वर्ग के छात्र चेतन गोरा का चयन राजस्थान अंडर 16 चेलेंजर्स ट्रॉफी के लिए किया गया है। छात्र ने यह उपलब्धि संस्थान के आधुनिक सुविधाओं से युक्त क्रिकेट मैदान पर नियमित अभ्यास एवं प्रशिक्षित कोचों की मदद से प्राप्त की है। छात्र चेतन गोरा ने अपने साथ अपने माता पिता, परिवारजन एवं संस्थान का गौरव बढाया है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह सहित प्रबंधन सदस्यों ने छात्र एवं माता पिता का बधाई प्रेषित की।

बेटे की बीमारी के अवसाद में महिला ने की आत्महत्या

खेतड़ी, (निसं) । खेतडी उपखंड के सेफरागुवार गांव की एक महिला ने बेटे की बीमारी व आर्थिक तंगी से परेशान होकर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका ने आठ साल पहले बच्चे को जन्म दिया था, जिसके बाद वह बिमारी से ग्रस्त है।

घटना की सूचना पर बबाई पुलिस ने मौके पर पंहुच कर घटना के बारे में जानकारी जुटाई। थानाधिकारी सरदारमल यादव ने बताया कि सेफरागुवार गांव में आबादी क्षेत्र से कुछ दूर खेत में फंदे से झूल रहे महिला के शव लटका होने की सूचना मिली। जिसकी सूचना पर वह मौके पर पहुंचे तथा शव को पेड़ से नीचे उतरवाया गया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को खेतडी उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। इस दौरान मृतका के पीहर पक्ष भांकरी (हरियाणा) में सूचना दी गई। मृतका के ससुर ओंकारमल बलाई व पिता शीशराम निवासी भांकरी (हरियाणा) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मृतका सीमा देवी (30) पत्नी सुल्तानसिंह निवासी सेफरागुवार के आठ साल पहले जुडवां बच्चे हिमांशु व सरिता को जन्म दिया था हैं।

बेटा हिमांशु जन्म से ही बीमारी से ठास्त चल रहा है। बेटे का काफी जगह ईलाज करवाया गया, लेकिन दिमाग का पूर्ण रूप से विकास नहीं होने पर वह ठीक नहीं हो पाया। मृतका का पति सुल्तान सिंह मजदूरी करता है। गरीबी व आर्थिक तंगी के कारण बच्चों का इलाज करवाने में असमर्थ होने पर मृतका सीमा मानसिक रूप से अवसाद में चल रही थी। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे वह अपने घर से खेतों की ओर निकल गई। इसके बाद घर से करीब आधा किलोमीटर दूर खेजड़ी के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

इस दौरान वहां से गुजरने वाले राहगीरों ने पुलिस को एक महिला पेड़ से लटकी हुई होने की सूचना दी। घटना की सूचना पर थानाधिकारी सरदारमल यादव मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणो की मदद से शव को उतरवाकर उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतका के परिजनों की ओर से दी गई रिपोर्ट पर मृग दर्ज कर ली गई है। वहीं राजकीय उप जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

■ आठ साल पहले जन्मा बेटा है बिमारी से ग्रस्त

रतनगढ़ के रतन महल में समीर-सिमरन की शादी में तारे जमीं पर

रतनगढ, (निसं)। केटीसी ग्रुप के चेयरमैन राज खान के साहबजादे समीर खान का विवाह (खाखोली) डीडवाना निवासी नियाज खान की साहबजादी सिमरन से सम्पन्न हुआ। रतनगढ के रतन महल में आयोजित भव्य रिसेप्शन पार्टी में बॉलीवुड, टेलीविजन, बिजनेस, राजनीति, समाजसेवी एवं व्यावसायिक जगत की नामचीन हस्तियों ने शिरकत कर राज खान एवं परिवार की खुशियों में चार चाँद लगाए।

शादी समारोह में सूरजगढ विधायक श्रवण कुमार, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ. खानू खाँ बुधवाली, मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, दिल्ली से एसीपी संदीप मल्होत्रा, तिहाड जेल के जेलर दीपक शर्मा, फ़िल्म अभिनेता राहुल राय, अभिनेत्री ऋतु शिवपुरी, फ़िल्म अभिनेता शहबाज खान, डीएसपी इस्लाम खान, डीएसपी शब्बीर खाँ, अभिनेता जुनेद हुसैन खान, राव विजय, टीवी एक्टर कुनाल राजपूत, बाल कलाकार साद मलिक, भादरा पालिकाध्यक्ष रफ़ीक़ क़ुरैशी, तारानगर पालिकाध्यक्ष प्रियंका उस्मान मलिक, रामगढ नगरपालिका अध्यक्ष एडवोकेट दूदाराम चोहला, पूर्व विधायक हाजी मक़बूल मंडेलिया, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, कर्नल शफीक खान, दिल्ली से सीनियर चीफ वार्डन सिविल डिफेंस राजेन्द्र कपूर, इनकम टैक्स ऑफिसर राजेन्द्र गढवाल सीकर, कांठोस जिलाध्यक्ष सुनीता गिठाला, भाजपा प्रदेश मंत्री मधु कुमावत, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता शर्मा, लोहिया कॉलेज प्राचार्य डॉ. जेबी खान, झुंझुनू महिला थानाधिकारी कस्तूर वर्मा, डॉक्टर सूरज राव एमडीएस यूनिवर्सिटी अजमेर, डॉ. रोशन दीप श्रीमाली राष्ट्रीय अध्यक्ष मानव अधिकार आयोग अजमेर, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रेखाराम खीचड, जयपुर से बेटी फाउंडेशन के राज शर्मा, राहुल शर्मा, कीर्ति शर्मा, अमन वर्मा, उप जिला प्रमुख ताराचन्द धायल, दिनेश दानोदिया, पूना प्रवासी हाजी महबूब देवड़ा, डिस्ट्रिक्ट माइनॉरिटी ऑफिसर डॉ. गफ्फार खान सहित हजारों गणमान्य लोगों ने शिरकत कर वर-वधु को अपनी दुआओं से नवाजा।

स्विफ्ट डिजायर की लॉन्चिंग

रतनगढ़,(निसं)। मारुति सुजुकी ओरिक मोटर्स द्वारा रतनगढ़ शोरूम में न्यू मारुति स्विफ्ट डिजायर की लॉन्चिंग की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता हिम्मत सिंह मालासी, विशिष्ट अतिथि पूर्व पीसीसी सदस्य रमेश चंद्र इंदोरिया, रेवंतराम मुंड व अध्यक्षता पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार व थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखावत ने की। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने आगंतुकों को गाड़ी के नए फीचर्स क्वालिटी व गुणवत्ता की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राहक की संतुष्टि व सेवा ही हमारा मुख्य कर्तव्य है। इस अवसर युवा कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका, भाजपा नेता सुशील इंदोरिया, श्रीराम फाइनेंस ब्रांच मैनेजर सतीश पारीक, एयु ब्रांच मैनेजर , अभय ,सुशील , बलवीर स्वामी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

विचार संगोष्ठी का आयोजन किया

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना पत्रकार समिति (रजि) ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर नगर परिषद सभागार में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता समिति संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार शर्मा ने की। इस संगोष्ठी में आज के दौर में पत्रकारिता, पत्रकारों की स्थिति, प्रेस की स्वतंत्रता और राष्ट्रीय प्रेस दिवस के महत्व पर चर्चा हुई।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस 16 नवंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता और पत्रकारिता में उच्च आदर्शों को बढ़ावा देना है। यह दिवस भारत में प्रेस परिषद की स्थापना की याद में मनाया जाता है, जिसकी स्थापना 4 जुलाई 1966 को हुई थी और 16 नवंबर 1966 से इसका कार्य शुरू हुआ था। संगोष्ठी में वक्ताओं ने पत्रकारिता के क्षेत्र में आजादी से पहले और बाद में हुए बदलावों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे पत्रकारिता ने समाज को जागरूक करने और सच्चाई को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

हालांकि, वक्ताओं ने यह भी कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता के क्षेत्र में कई चुनौतियाँ हैं। पत्रकारों पर दबाव डाला जाता है कि वे कुछ विशेष खबरें न छापें, और पेड न्यूज की समस्या भी बहुत बड़ी है। इसके अलावा, पत्रकारों की सुरक्षा और स्वतंत्रता को खतरा है।संगोष्ठी के अंत में, वक्ताओं ने पत्रकारिता के क्षेत्र में सुधार के लिए कुछ सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अपनी स्वतंत्रता और जिम्मेदारी को समझना होगा, और समाज को सही जानकारी देने के लिए काम करना होगा।

छात्र-छात्राओं को संबोधित किया

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी । ग्राम घस्सू में एनएच 52 पर स्थित गोयंनका शिक्षा एवं शोध संस्थान में शनिवार को इस्कॉन मंदिर उदयपुर के वैदिक शिक्षा व योग केंद्र के परियोजना निदेशक आचार्य मदन गोविंद दास द्वारा श्रीमद्भागवत गीता विषयक व्याख्यान दिया गया।

यह जानकारी देते हुए एकेडमिक डीन डॉ एन रविंद्रन ने बताया कि आचार्य जी ने संस्थान की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत कार्मिकगण तथा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भक्त प्रहलाद के समान सभी बच्चों को बचपन से ही धार्मिक शिक्षा व ईश भक्ति प्रारंभ कर देनी चाहिए तथा पाठ्य विषयों के साथ-साथ श्रीमद् भागवत व भागवत गीता जैसे ठांथो का अध्ययन करना चाहिए। जैसे पेड़ का अस्तित्व जड़ से जुड़े रहने तक ही है उसी प्रकार मनुष्य जीवन का अस्तित्व तभी है जब वह भगवान रूपी जड़ से जुड़ा रहेगा । उन्होंने कहा कि कलयुग में अनेक बुराइयां हैं किंतु एक अच्छाई यह भी है कि इस युग में भगवान का नाम लेने मात्र से ही मनुष्य के समस्त पाप व कष्ट नष्ट हो जाते हैं ।आचार्य जी ने उपस्थित श्रोतागण को जीवन में खुश रहने का षोडश अक्षरों का महामंत्र भी बताया। इन्होंने शीघ्र ही पुन: आने तथा उद्बोधित करने का आश्वासन भी दिया।समारोह का संचालन बीएड कॉलेज के सहायक आचार्य राकेश पारीक द्वारा किया गया। समारोह में अकादमिक डीन और फार्मेसी कोलेज प्राचार्य डॉ एन रविंद्रन, बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ राकेश कुमार ,पब्लिक स्कूल के कार्यवाही प्राचार्य समीर जखोलिया, विभिन्न शाखाओ में कार्यरत प्रवक्तागण, शिक्षक गण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

न्यायालय जिला न्यायाधीश, झुंझुनूं, (राजस्थान)
पीठासीन अधिकारी श्रीमती दीपा गुर्जर (आर.एच.जे.एस.) (जिला न्यायाधीश संवर्ग)
सिविल विविध प्रकरण उत्तराधिकार संख्या 57/2024

1. प्रदीप कुमार उम्र 40 साल पुत्र श्री झुंथाराम निवासी खींवाणा जोहड़, चारावास, तहसील गुढागौडजी जिला झुंझुनूं हाल निवासी गोल्डन सिटी, गुढा रोड, झुंझुनूं, 2. सजना उम्र 64 साल पत्नी श्री झुंथाराम निवासी वार्ड नम्बर 5, चारावास तहसील गुढागौडजी हाल निवासी गोल्डन सिटी, गुढा रोड, झुंझुनूं

.....आवेदकगण

बनाम

1. हर आम व खास, 2. पवन कुमार उम्र 45 साल पुत्र श्री झुंथाराम निवासी ग्राम पोस्ट चारावास तहसील गुढागौडजी जिला झुंझुनूं, 3. Angel One Limited, Registered Office:601, 6th Floor, Ackruti Star, Central Road, MIDC, Andheri Est, Mumbai&40093 Through Chif Executive Officer And Managing Director

.....विपक्षी

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

उपरोक्त प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थीगण व अप्रार्थी संख्या 2 के पूर्वज झुंथाराम पुत्र बीरबल का देहान्त दिनांक 1.03.2024 को हो चुका है तथा उक्त झुंथाराम पुत्र बीरबल के नाम से अप्रार्थी संख्या 3 के यहां जमा है, जिसे प्राप्त करने के लिये प्रार्थीगण व अप्रार्थी संख्या 2 के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की जरूरत है। इसलिये हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अगर उक्त प्रार्थीगण व अप्रार्थी संख्या 2 के हक में स्वर्गीय झुंथाराम का जायज वारिस मानकर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र दिये जाने के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो असालतन अथवा वकालतन दिनांक 12.12.2024 को अदालत हाजा में हाजिर होकर एतराज करे अन्यथा उपरोक्त प्रार्थीगण व अप्रार्थी संख्या 2 के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा और एतराज समाअत नहीं किया जायेगा। न्यायालय के आदेश से आज दिनांक 14.11.2024 को जारी किया गया।

मुहर न्यायालय, जिला न्यायाधीश, झुंझुनूं (राज.)

न्यायालय के आदेश से
मुसंरिम जिला एवं सत्र न्यायालय, झुंझुनूं

विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य सामग्री का किया वितरण

उदयपुरवाटी, । निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागोरियाँ की ढाणी में प्रधानाचार्य आशा टांक की अध्यक्षता में नि:शुल्क पाठ्य सामग्री वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कैलाश सैनी, कविता सैनी व कौशल्या सैनी की ओर से विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंचायत शिक्षक बीरबल सैनी ने कहा कि शिक्षा के लिए बच्चों को आवश्यक पाठ्य सामग्री की सहायता की जाती है, तो बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होता है। बच्चे देश का भविष्य हैं। प्रधानाचार्य आशा टांक ने आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय विशेष शिविर शुरू

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी । स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व उपनिदेशक शिक्षा विभाग रामनिवास शर्मा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत, कार्यक्रम अधिकारी डॉ आनंद शर्मा, घनश्याम वर्मा व पंकज शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई।इस दौरान स्वयंसेविका दिव्या व्यास ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तथा मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण व स्वागत गीत से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ आनंद शर्मा द्वारा सात दिवस की शिविर की रुपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शर्मा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए एनएसएस के ध्येय वाक्य स्वयं से पहले आप के महत्व को समझाते हुए किष्किन्धाकाण्ड व सुन्दरकाण्ड के उदाहरणों के माध्यम से जीवन को जीवन्तता से जीने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने विद्यार्थियों को अनुशासन व पूर्ण मनोयोग से शिविर के सभी सत्रो जैसे श्रमदान, योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्याख्यान माला, प्रतियोगिताओ से सीखने तथा जीवन में उतारकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका अदा करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान ऋषि, दिव्या, रश्मि व अन्य विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सैनी समाज का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

आरजेएस में चयन होने पर आकांक्षा सैनी का सम्मान किया

चूरू, (कासं.)। वार्ड नंबर 35 में पापटानों के मोहल्ले में स्थित सैनी हनुमान मंदिर में जिला सैनी समाज की ओर से दीपावली स्नेह मिलन व आरजेएस में चयन होने पर आकांक्षा सैनी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डूंगरमल तंवर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय उपायुक्त डीके सैनी थे। संगठन के महामंत्री चिरंजीलाल सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में संगठन की जिला कार्यकारणी के उपाध्यक्ष व तहसील अध्यक्षों, युवा विंग के जिलाध्यक्ष व शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने समाज को आगे बढ़ाने के लिये भविष्य की योजनाओं को बनाने का आव्हान किया और समाज की अनेक गतिविधियों पर मंथन किया और समाज में एकता, समाजिक व आर्थिक राजनीतिक विकास के क्षेत्र में अनेक कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चूरू तहसील अध्यक्ष रमेश कुमार, तारानगर के महावीर प्रसाद, रतनगढ़ के हीरालाल खड़ोलिया, सुजानगढ़ के तिलोक कुमार, सादुलपुर के मदनलाल सिंगोदिया, प्रदीप राजोरिया, सरदारशहर के मुरलीधर सैनी, मनोज कुमार, पवन कुमार तंवर, महावीर प्रसाद गहलोत, मुकेश पंवार, लालचंद दहिया, श्री राम सुईवाल, एडवोकेट श्यामलाल, एडवोकेट धन्नाराम, डॉ. एसके सैनी, सज्जन सिंह, ओम इंदौरिया, शंकर लाल बालान, कन्हैयालाल बेरवाल, नरेश, नेमीचंद, विनोद गहलोत, गजानंद गौड़, बनवारीलाल बालाण, जयराम इंदौरिया, श्यामसुंदर सहित आकांक्षा के परिजन और समाज के गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बजरंग लाल सैनी व निर्मला सैनी ने किया।

■ वार्ड नंबर 35 में पापटानों के मोहल्ले में स्थित सैनी हनुमान मंदिर में जिला सैनी समाज की ओर से दीपावली स्नेह मिलन व आरजेएस में चयन होने पर आकांक्षा सैनी का सम्मान किया गया

पापटानों के मोहल्ले में स्थित सैनी हनुमान मंदिर में जिला सैनी समाज की ओर से आरजेएस में चयन होने पर आकांक्षा सैनी का सम्मान किया ।